**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**07.12.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे**

## झंडा दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश उन वीर पुरुषों और महिलाओं के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता है जो अटूट साहस के साथ देश की रक्षा करते हैं। सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सैनिकों का अनुशासन, दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस लोगों की रक्षा करता है और राष्ट्र को मजबूत बनाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सैनिकों का कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण उनकी प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने देशवासियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

## हिमाचल–झंडा दिवस

इधर, सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर मदन शील शर्मा ने आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू को सशस्त्र सेना का झण्डा लगाया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों के परिवारों के कल्याण के लिए लोगों को बढ़चढ़ कर अंशदान करने के लिए आगे आना चाहिए। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कोष में उदारता पूर्वक योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश सेवा करते हुए सेना, नौसेना और वायु सेना के जवानों द्वारा दिया गया अतुलनीय बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस उन अमर वीरों को समर्पित है जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए हैं।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लोगों से मादक पदार्थों के दुरूपयोग के खिलाफ सामूहिक संकल्प का आह्वान किया है। शिमला में आज नशाखोरी को लेकर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला में उन्होंने कहा कि युवाओं का नशे के जाल में फंसना केवल एक व्यक्ति विशेष के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में बढ़ रहे नशे के खिलाफ जहां सरकार और विपक्ष ने एकजुटता दिखाई है वहीं स्वयं सेवी संस्थाएं भी अपने स्तर पर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही हैं।

## कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि सरकार ग्रामीण क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। कांगड़ा ज़िले के ज्वाली में आज जन संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। कृषि मंत्री ने बताया कि लोगों की अधिकतर समस्याएं राजस्व विभाग से संबंधित होती हैं, ऐसे में सरकार ने राजस्व सेवाओं को पारदर्शी, सुविधाजनक और त्वरित बनाने के लिए बड़े पैमाने पर सुधार किए हैं। उन्होंने जनसमस्याएं सुनकर अधिकारियों को इनके स्थायी समाधान के निर्देश दिए।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार में देरी सहित केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि तीन वर्ष के कार्यकाल में सरकार कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार को धरातल पर नहीं उतार पाई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार को विकास कार्य लटकाने और लोगों का ध्यान भटकाने में महारत हासिल है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद सरकार ने करीब 2 हज़ार संस्थान बंद किए हैं और विकास कार्यों पर पूर्णविराम लगा दिया है। ऐसे में सरकार से बड़ी परियोजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने में शिक्षकों की अहम भूमिका रहती है। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के राजकीय विद्यालय भराड़ी के समारोह में उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए गतिविधि आधारित रचनात्मक कार्यक्रमों और कौशल विकास पर विशेष बल देने का आग्रह किया। धर्माणी ने बताया कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में 4 सी.बी.एस.ई. स्कूल शुरू किए जाएंगे जबकि हटवाड़ में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल स्थापित किया जा रहा है।

**बयान**

भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस सरकार प्रदेश को चलाने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद राजीव भारद्वाज और वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने एक संयुक्त बयान में कहा कि प्रदेश में एक बिखरी हुई और दिशाहीन सरकार चल रही है जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अब केवल गुटों की लड़ाई चल रही है।